कार्यालय
जिला महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला – नारायणपुर

क./ 136 /आईसीपीएस/भर्ती/2018–19 नारायणपुर दिनांक 23.06.2017

प्रति,

जिला जन संपर्क अधिकारी
जिला – नारायणपुर

विषय – दो दैनिक समाचार में जिला बाल संरक्षण इकाई (आई.सी.पी.एस.) योजनांतर्गत रिक्त 5 संविदा पदो के विज्ञापन प्रकाशन विषयक।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि जिला बाल संरक्षण समिति नारायणपुर अंतर्गत रिक्त 5 संविदा पद हेतु विज्ञापन दो दैनिक समाचार में प्रकाशन किया जाना है।

अतः विज्ञापन प्रकाशन करने का कष्ट करे।

(कलेक्टर महो0 द्वारा अनुमोदित)

23.6.18
जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला – नारायणपुर

एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) नारायणपुर के अंतर्गत जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में

विज्ञापन

भारत शासन, महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार जिला स्तर पर एकीकृत बाल संरक्षण योजना के कियान्वयन हेतु जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई), में विभिन्न पदो पर संविदा भर्ती के लिए पात्र आवेदकों सें दिनांक 16.07.2018 तक आवेदन आमंत्रित है। आवेदित पदों एवं आवेदन प्रकिया का विवरण निम्नानुसार हैः–

जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई)–नारायणपुर में जिला स्तर पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रीत							संविदा वेतन
क.	पदनाम	अनारक्षित	अ.ज.जा.	अ.जा.	अपिव	योग	एकमुश्त
1.	संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख	01	0	0	0	01	21000
2.	परामर्शदाता	01	0	0	0	01	14000
3	डेटाएनालिस्ट	01	0	0	0	01	14000
4	सहायक सह कम्प्यूटर आपरेटर	01	0	0	0	01	10000
5	बाल कन्याण समिति (सहायक सह कम्प्यूटर आपरेटर)	01	0	0	0	01	9000
कुल योग		05	00	00	00	05	

उपरोक्त पदो के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगीः–

पदनाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	अनिवार्य कौशल	अनुभव	वांछनीय योग्यता
संरक्षण अधिकारी (संस्थागत देखरेख)	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान)/ समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों/ शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं एवं चाईल्ड लाईन में बच्चों की देखरेख /संरक्षण/ पुर्नवास विषय पर कम से कम 5 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व कार्य करने में दक्ष हो।
डेटाएनालिस्ट	सांख्यिकी/अर्थशास्त्र/ वाणिज्य /गणित अथवा समकक्ष विषय में स्नातक	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए।	शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों में आंकडों के संग्रहण एवं निर्वाचन का 2 वर्ष का अनुभव।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान।
परामर्शदाता	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान /समाज विज्ञान या समकक्ष विषय में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस / वेबआधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों /शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं एवं चाईल्ड लाईन में बच्चों की देखरेख / संरक्षण/ पुनर्वास विषय पर कम से कम 5 वर्ष का कार्यानुभव। बालक/ किशोर मामलों में कम से कम 2 वर्ष तक देखरेख व संरखण की आवश्यकता वाले बच्चो की काउंसलिंग के अनुभव वाले आवेदक कों प्राथमिकता दी जायेगी। अन्य बाते समान होने पर महिला आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी।	अंग्रेजी एवं हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान।

सहायक सह–डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	1. कक्षा 12 वी (12+2) बोर्ड द्वारा उर्त्तीण अथवा कक्षा 10 वीं बोर्ड द्वारा उर्त्तीण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उर्त्तीण। 2. डाटा एन्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा	हिन्दी में 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति।	शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्यालय सहायक / सहायक के रूप में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी / हिन्दी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्षता।
बाल कल्याण समिति (सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर)	1. कक्षा 12 वी (12+2) बोर्ड द्वारा उर्त्तीण अथवा कक्षा 10 वीं बोर्ड द्वारा उर्त्तीण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उर्त्तीण। 2. डाटा एन्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा	हिन्दी में 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति।	शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्यालय सहायक / सहायक के रूप में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी / हिन्दी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्षता।

आवेदन प्रपत्र www.cgstate.gov.in / www.cg.narayanpur.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।

आवेदन प्रपत्र नारायणपुर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, नारायणपुर के कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन निचे दिये पते पर प्रेषित किये जावें।

1. **आवेदन पत्र जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला नारायणपुर को प्रस्तुत करना होगा।**
2. **आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.07.2018 है। प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होंगा।**

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्ते :–

1. संविदा नियुक्ति 1 वर्ष के लिए होगा। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/ भत्ते की पात्रता नही होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नही होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी सेवा समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

4. आवेदक की आयु दिनांक 1 जुलाई 2018 की स्थिति में न्युन्तम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।
5. पद क्रमांक 01 को छोडकर शेष पदो पर अभ्यर्थी को नारायणपुर जिले का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयों हेतु छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।
7. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक आर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए।
8. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावें। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची राजपत्रित अधिकारी/स्वयं द्वारा प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए।
9. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी राजपत्रित अधिकारी/ स्वयं द्वारा प्रमाणित/ सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
10. शासकीय/अर्द्धशासकीय /निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
11. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नही दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार आवेदन ना करें।
12. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे **के उपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए** अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। **लिफाफे के उपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्कय रूप से होना चाहिए।**
13. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।
14. ओवदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ दो कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।
15. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रकिया निम्नानुसार रहेगी ।

पदनाम	चयन प्रकिया
1. संरक्षण अधिकारी (संस्थागत देखरेख) 2. डेटाऐनालिस्ट 3. परामर्शदाता	1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का वेटेज देते हुए अधिकतम 50 अंक। 2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगें। 3. लिखित परीक्षा /समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे।

	4. उत्कृष्ट राष्ट्रीय/अर्न्तराष्ट्रीय संस्थाओं के उपाधि धारक को चयन में वरीयता दी जायेगी।
1सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (जिला बाल संरक्षण इकाई) एवं (बाल कल्या समिति)	1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का वेटेज देते हुए अधिकतम 50 अंक। 2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगें। 3. टायपिंग एवं कम्प्यूटर परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे। (टायपिंट परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ली जावेगी)

16. प्राप्त आवेदनों के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
17. कौशल परिक्षा के पैटर्न एवं प्रकार के लिए निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति का होगा।
18. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट **www.cgstate.gov.in / www.cg.narayanpur.gov.in** पर देखी जा सकती है।
19. आवेदक का आवेदन 16.07.2018 सायं 5.00 बजे तक संबंधित कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

23.6.18
जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला –नारायणपुर

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो चस्पा करे।

प्रति,

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी
जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

1. आवेदित पद का नाम :– .....
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....
   (अंग्रजी में) :– .....
3. पिता /पति का नाम :– .....
4. पत्र व्यवहार का पता :– .....
   :– .....
5. स्थायी पता :– .....
   :– .....
6. मोबाईल नम्बर :– .....
7. ई–मेल आईडी :– .....
8. राष्ट्रीयता :– .....
9. जन्मतिथि (अंको में) :– .....
   (शब्दो में) :– .....
10. दिनांक 01.02.2017 को आयु :– .....
11. लिंग (पुरूष/महिला) :– .....
12. जाति/वर्ग (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य) :– .....
13. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है?:– .....
    (यदि हां तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
14. क्या आप विवाहित है? यदि हॉ तो विवाह की तिथि? :– .....
    जीवित बच्चों की संख्या (बच्चों का नाम/लिंग एवं जन्मतिथि सहित):– .....
    .....
15. अ – रोजगार कार्यालय का नाम :– .....
    ब – पंजीन क्रमांक :– .....
    स– दिनांक :– .....

16. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र	उत्तीर्ण परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि. का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

17. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

18. कार्य का अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– .....

क्र.	संस्था का नाम	पदनाम	नियुक्ति आदेश का कमांक व दिनांक	कब से कब तक	वेतन एवं पद छोड़ने का कारण

19. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1. ..... 2. .....

3. ..... 4. .....

5. ..... 6. .....

7. ..... 8. .....

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम :

प्रमाण पत्र

मै घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण/समस्त अभिलेख मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई जानकारी या सूचना गलत, असत्य एवं अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है। इसमें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी एवं इस आधार पर मुझे बिना नोटिस दिये मेरी नियुक्ति/सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

स्थान :– .....

दिनांक :–..... आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम